**Series : SQP4R** **SET~3**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **61/4/3**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# इतिहास
# HISTORY

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* *अधिकतम अंक : **80***

*Time allowed : **3** hours* *Maximum Marks : **80***

**नोट** []

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **25 + 1** मानचित्र हैं।

(II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।

(III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं।

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

**NOTE**

(I) Please check that this question paper contains **25** printed pages + **1** Map.

(II) Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(III) Please check that this question paper contains **34** questions.

(IV) **Please write down the Serial Number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.**

(V) 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

**सामान्य निर्देश :**

*निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :*

*(i)* इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

*(ii)* प्रश्न-पत्र **पाँच** खण्डों में विभाजित है – **खण्ड क, ख, ग, घ** एवं **ङ**।

*(iii)* **खण्ड क** – प्रश्न संख्या **1** से **21** बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है।

*(iv)* **खण्ड ख** – प्रश्न संख्या **22** से **27** लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **60** से **80** शब्दों में लिखिए।

*(v)* **खण्ड ग** – प्रश्न संख्या **28** से **30** दीर्घ-उत्तरीय (LA) प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **8** अंकों का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **300** से **350** शब्दों में लिखिए।

*(vi)* **खण्ड घ** – प्रश्न संख्या **31** से **33** **तीन** उप-प्रश्नों वाले स्रोत-आधारित प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है।

*(vii)* **खण्ड ङ** – प्रश्न संख्या **34** मानचित्र-आधारित प्रश्न है जिसमें महत्त्वपूर्ण परीक्षण वस्तुओं की पहचान और स्थान शामिल हैं। यह प्रश्न **5** अंकों का है। मानचित्र को उत्तर-पुस्तिका के साथ संलग्न करें।

*(viii)* प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है। यद्यपि, प्रश्न-पत्र के खण्ड ख, ग तथा ङ में आंतरिक विकल्प का प्रावधान दिया गया है। परीक्षार्थी को इन प्रश्नों में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखना है।

*(ix)* इसके अतिरिक्त, ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए चित्र तथा मानचित्र आदि आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अन्य प्रश्न दिया गया है। इन प्रश्नों के उत्तर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थी ही लिखें।

## खण्ड क

**(बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न)** ***21×1=21***

**1.** नीचे दिए गए विकल्पों में से उचित शब्द से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए :

*आइन-ए-अकबरी* एक विशाल इतिहास का हिस्सा था, जिसे __________ *नामा* कहा जाता था।

(A) बाबर

(B) अकबर

(C) जहाँगीर

(D) शाहजहाँ

***General Instructions :***

*Read the following instructions carefully and follow them :*

*(i)* *This question paper contains **34** questions. **All** questions are **compulsory**.*

*(ii)* *Question paper is divided into **five** Sections – **Sections A, B, C, D** and **E**.*

*(iii)* ***Section A** – Questions number **1** to **21** are Multiple Choice type questions. Each question carries **1** mark.*

*(iv)* ***Section B** – Questions number **22** to **27** are Short Answer type questions. Each question carries **3** marks. Write answer to each question in **60** to **80** words.*

*(v)* ***Section C** – Questions number **28** to **30** are Long Answer (LA) type questions. Each question carries **8** marks. Write answer to each question in **300** to **350** words.*

*(vi)* ***Section D** – Questions number **31** to **33** are Source-based questions having **three** sub-questions. Each question carries **4** marks.*

*(vii)* ***Section E** – Question number **34** is Map-based question that includes the identification and location of significant test items. This question carries **5** marks. Attach the Map with the answer-book.*

*(viii)* *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in Sections B, C and E of question paper. A candidate has to write answer for only **one** of the alternatives in such questions.*

*(ix)* *In addition to this, note that a separate question has been provided for Visually Impaired candidates in lieu of questions having visual inputs, Map etc. Such questions are to be attempted by Visually Impaired candidates only.*

## SECTION A

**(Multiple Choice Type Questions)** ***21×1=21***

**1.** Fill in the blank with the appropriate word from the options given below :

The *Ain-i-Akbari* was part of a larger history called the _________ *Nama*.

(A) *Babur*

(B) *Akbar*

(C) *Jahangir*

(D) *Shahjahan*

**2.** निम्नलिखित में से कौन-सा क्षेत्र 'रायचूर दोआब' के नाम से जाना जाता था, जिसको विजयनगर साम्राज्य ने 1512 में जीता था ?

(A) नर्मदा और कावेरी नदियों के बीच का क्षेत्र

(B) गोदावरी और कृष्णा नदियों के बीच का क्षेत्र

(C) तापी और नर्मदा नदियों के बीच का क्षेत्र

(D) कृष्णा और तुंगभद्रा नदियों के बीच का क्षेत्र

**3.** निम्नलिखित में से कौन-से कथन 'मीराबाई' के बारे में सही हैं ?

I. उनका विवाह मेवाड़ के सिसोदिया वंश में हुआ था।

II. उन्होंने कृष्ण को अपना दैविक प्रेमी माना था।

III. उनके आध्यात्मिक गुरु रामानंद थे।

IV. उन्होंने अनुयायियों के एक समूह के साथ एक संप्रदाय की स्थापना की थी।

**विकल्प :**

(A) केवल II और III सही हैं।

(B) केवल I और II सही हैं।

(C) केवल III और IV सही हैं।

(D) केवल II और IV सही हैं।

**4.** निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सुमेलित है ?

| | ***स्तंभ A*** ***(यात्री)*** | | ***स्तंभ B*** ***(देश)*** |
|---|---|---|---|
| (A) | अफानासी निकितिन | — | स्पेन |
| (B) | ज्यौं-बैप्टिस्ट तैवर्नियर | — | नीदरलैंड (डच) |
| (C) | मार्को पोलो | — | इटली |
| (D) | पेलसर्ट | — | पुर्तगाल |

**5.** धर्मशास्त्रों के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सा स्त्री के स्वामित्व वाला 'स्त्रीधन' होता था ?

(A) राजा और ब्राह्मणों से प्राप्त भूमि का अनुदान

(B) विवाह के समय और रिश्तेदारों से प्राप्त उपहार

(C) वर और वधू के परिवारों द्वारा दिए गए उपहारों का आदान-प्रदान

(D) पैतृक संपत्ति और संसाधनों में बराबरी का हिस्सा

2. Which of the following regions was known as the 'Raichur Doab' that was captured by the Vijayanagara Empire in 1512 ?

(A) The region between Narmada and Kaveri rivers

(B) The region between Godavari and Krishna rivers

(C) The region between Tapi and Narmada rivers

(D) The region between Krishna and Tungabhadra rivers

3. Which of the following statements about Mirabai are correct ?

I. She was married into Sisodia clan of Mewar.

II. She considered Krishna her divine lover.

III. Her spiritual guru was Ramanand.

IV. She founded a sect with a group of followers.

**Options :**

(A) Only II and III are correct.

(B) Only I and II are correct.

(C) Only III and IV are correct.

(D) Only II and IV are correct.

4. Which one of the following pairs is correctly matched ?

| | *Column A* *(Traveller)* | | *Column B* *(Country)* |
|---|---|---|---|
| (A) | Afanasii Nikitin | — | Spain |
| (B) | Jean-Baptiste Tavernier | — | Netherlands (Dutch) |
| (C) | Marco Polo | — | Italy |
| (D) | Pelsaert | — | Portugal |

5. Which one of the following constituted 'Stridhana' owned by women according to the Dharmashastras ?

(A) Grants of land from the king and Brahmanas

(B) Gifts received at the time of marriage and from relatives

(C) Exchange of gifts by the families of the bride and the bridegroom

(D) Equal share of paternal property and assets

**6.** स्तंभ A का स्तंभ B से मिलान कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

| | **स्तंभ A** | | **स्तंभ B** |
|---|---|---|---|
| | ***(पुरातत्त्वविद)*** | | ***(योगदान)*** |
| a. | दया राम साहनी | i. | मोहनजोदड़ो में मुहरें खोजीं |
| b. | राखाल दास बैनर्जी | ii. | हड़प्पा में मुहरें खोजीं |
| c. | आर.ई.एम. व्हीलर | iii. | '*द स्टोरी ऑफ़ इंडियन आर्कियोलॉजी*' लिखी |
| d. | एस.एन. रॉय | iv. | पुरातत्त्व में सैनिक परिशुद्धता का समावेश |

**विकल्प :**

(A) a-ii, b-i, c-iv, d-iii (B) a-iii, b-ii, c-i, d-iv

(C) a-iv, b-iii, c-ii, d-i (D) a-i, b-iv, c-iii, d-ii

**7.** नीचे दिए गए प्रथम शताब्दी ई. के बुद्ध के चित्र को देखिए और निम्नलिखित विकल्पों में से इसके प्राचीन भारतीय कला शैली की पहचान कीजिए :



(A) गांधार (B) अमरावती

(C) सारनाथ (D) मथुरा

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्र. सं. **7** के स्थान पर है।*

निम्नलिखित में से हीनयान बौद्ध धर्म को दूसरे किस नाम से जाना जाता है ?

(A) वज्रयान (B) महायान

(C) थेरवाद (D) ज़ेन

**6.** Match Column A with Column B and choose the correct option :

| | ***Column A (Archaeologist)*** | | ***Column B (Contribution)*** |
|---|---|---|---|
| a. | Daya Ram Sahni | i. | Discovered seals at Mohenjodaro |
| b. | Rakhal Das Banerji | ii. | Discovered seals at Harappa |
| c. | R.E.M. Wheeler | iii. | Authored *'The Story of Indian Archaeology'* |
| d. | S.N. Roy | iv. | Brought military precision in Archaeology |

**Options :**

(A) a-ii, b-i, c-iv, d-iii (B) a-iii, b-ii, c-i, d-iv

(C) a-iv, b-iii, c-ii, d-i (D) a-i, b-iv, c-iii, d-ii

**7.** Study the given image of Buddha from the first century CE and identify the ancient school of Indian art of this from the following options :



(A) Gandhara (B) Amravati

(C) Sarnath (D) Mathura

***Note :*** *The following question is for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Q. No.* ***7****.*

Which of the following is another name for Hinayana Buddhism ?

(A) Vajrayana (B) Mahayana

(C) Theravada (D) Zen

**8.** निम्नलिखित जानकारी की सहायता से *महाभारत* के पात्र की पहचान कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

- वह स्वयं को द्रोणाचार्य का शिष्य मानता था।
- उसने गुरुदक्षिणा के रूप में अपने दाहिने हाथ का अँगूठा देकर अपने गुरु को सम्मान दिया।
- उसने स्वयं अभ्यास के माध्यम से धनुर्विद्या में निपुणता प्राप्त की।

**विकल्प :**

(A) नकुल  (B) कर्ण

(C) अर्जुन  (D) एकलव्य

**9.** निम्नलिखित साहित्यिक रचनाओं को कालानुक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

I. पाणिनि की *अष्टाध्यायी*

II. बाणभट्ट का *हर्षचरित*

III. कौटिल्य का *अर्थशास्त्र*

IV. भरत का *नाट्यशास्त्र*

**विकल्प :**

(A) II, III, I, IV  (B) III, I, II, IV

(C) I, IV, III, II  (D) III, I, IV, II

**10.** "मेसोपोटामिया के लेखों में मेलुहा के साथ संपर्कों का उल्लेख है।" निम्नलिखित में से कौन-सा कथन इसके संबंध में पुरातात्त्विक व्याख्याओं द्वारा समर्थित है ?

(A) मेलुहा का संबंध दक्षिण भारतीय महापाषाण संस्कृति से था।

(B) मेलुहा भगवान शिव द्वारा शासित एक प्राचीन साम्राज्य था।

(C) मेलुहा प्राचीन मिस्र का दूसरा नाम था।

(D) मेलुहा हड़प्पा के व्यापारिक क्षेत्र को संदर्भित करता था।

**8.** Identify this character of *Mahabharata* with the help of the following information and choose the correct option :

- He considered himself as a disciple of Dronacharya.
- He honoured his guru by giving his right hand thumb as Gurudakshina.
- He mastered archery through self-practice.

**Options :**

(A) Nakul
(B) Karna
(C) Arjuna
(D) Ekalavya

**9.** Arrange the following literary compositions in chronological order and choose the correct option :

I. *Ashtadhyayi* of Panini

II. *Harshcharita* of Banabhatta

III. *Arthashastra* of Kautilya

IV. *Natyashastra* of Bharata

**Options :**

(A) II, III, I, IV
(B) III, I, II, IV
(C) I, IV, III, II
(D) III, I, IV, II

**10.** "Mesopotamian texts mention contacts with Meluhha." Which of the following statements is supported by archaeological interpretation regarding it ?

(A) Meluhha referred to South Indian megalith culture.

(B) Meluhha was an ancient kingdom ruled by Lord Shiva.

(C) Meluhha was the other name of ancient Egypt.

(D) Meluhha referred to a trading area of Harappa.

**11.** नीचे दिए गए विकल्पों में से उचित शब्द से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए :

भारत सरकार ने __________ की सरकार पर दबाव डाला कि वह 'दक्कन के दंगों' के कारणों की छानबीन के लिए एक जाँच आयोग बैठाए।

(A) कलकत्ता

(B) मद्रास

(C) दिल्ली

(D) बम्बई

**12.** निम्नलिखित जानकारी की सहायता से उन्नीसवीं शताब्दी के भारतीय समाज सुधारक की पहचान कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

- वे महाराष्ट्र से थे।
- उन्होंने दमित वर्गों की पीड़ा का सवाल उठाया।
- उन्होंने आर्थिक और सामाजिक न्याय की माँग की।

**विकल्प :**

(A) श्री नारायण गुरु

(B) ज्योतिबा फुले

(C) राजा राम मोहन राय

(D) स्वामी विवेकानंद

**13.** नीचे दो कथन दिए गए हैं, अभिकथन (A) और कारण (R)। इनको ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

*अभिकथन (A)* : 1850 के दशक में अवध को 'बंगाल की सेना की नर्सरी' कहा जाता था।

*कारण (R) :* सम्पूर्ण भारत से यहाँ अधिकांश संख्या में सिपाहियों की भर्ती की जाती थी।

**विकल्प :**

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

(C) अभिकथन (A) सत्य है, परन्तु कारण (R) असत्य है।

(D) अभिकथन (A) असत्य है, परन्तु कारण (R) सत्य है।

11. Fill in the blank with the appropriate word from the options given below :

The Government of India pressurised the Government of ________ to set-up a commission of enquiry to investigate into the causes of the 'Deccan Riots'.

(A) Calcutta

(B) Madras

(C) Delhi

(D) Bombay

12. Identify the Indian social reformer of the nineteenth century with the help of the following information and choose the correct option :

- He was from Maharashtra.
- He pointed to the suffering of the depressed classes.
- He demanded economic and social justice.

**Options :**

(A) Sri Narayana Guru

(B) Jyotiba Phule

(C) Raja Ram Mohan Roy

(D) Swami Vivekanand

13. Two statements labelled as Assertion (A) and Reason (R) are given below. Read them carefully and choose the correct option :

*Assertion (A) :* In the 1850's Awadh was called the 'nursery of the Bengal Army'.

*Reason (R) :* Here a large number of sepoys were recruited from entire India.

**Options :**

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**14.** संविधान सभा की प्रमुख समितियों एवं उनके अध्यक्षों के संबंध में स्तंभ A का स्तंभ B से मिलान कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

| | ***स्तंभ A*** ***(समिति)*** | | ***स्तंभ B*** ***(अध्यक्ष)*** |
|---|---|---|---|
| a. | मूल अधिकार उप-समिति | i. | राजेंद्र प्रसाद |
| b. | राज्य समिति | ii. | बी.आर. अंबेडकर |
| c. | प्रारूप समिति | iii. | जवाहरलाल नेहरू |
| d. | संचालन समिति | iv. | जे.बी. कृपलानी |

**विकल्प :**

(A) a-iv, b-iii, c-ii, d-i
(B) a-i, b-ii, c-iv, d-iii
(C) a-ii, b-iv, c-i, d-iii
(D) a-iv, b-i, c-iii, d-ii

**15.** भारत के राष्ट्रवादी नेताओं के क्षेत्रों के संबंध में, निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए :

बाल गंगाधर तिलक : महाराष्ट्र; बिपिन चंद्र पाल : ____________

(A) पंजाब
(B) बिहार
(C) बंगाल
(D) दिल्ली

**16.** निम्नलिखित क्षेत्रों में से कौन-सा 1857 के विद्रोह का प्रमुख केंद्र ***नहीं*** था ?

(A) कानपुर
(B) मेरठ
(C) लखनऊ
(D) मैसूर

**17.** निम्नलिखित में से संथाल विद्रोह का नेता कौन था ?

(A) सिधू मांझी
(B) बिरसा मुंडा
(C) अल्लूरी सीताराम राजू
(D) जतरा भगत

**14.** Match Column A with Column B regarding the important Committees of the Constituent Assembly and Presidents and choose the correct option :

| | Column A (Committee) | | Column B (President) |
|---|---|---|---|
| a. | Fundamental Rights Sub-Committee | i. | Rajendra Prasad |
| b. | States Committee | ii. | B.R. Ambedkar |
| c. | Drafting Committee | iii. | Jawaharlal Nehru |
| d. | Steering Committee | iv. | J.B. Kripalani |

**Options :**

(A) a-iv, b-iii, c-ii, d-i

(B) a-i, b-ii, c-iv, d-iii

(C) a-ii, b-iv, c-i, d-iii

(D) a-iv, b-i, c-iii, d-ii

**15.** Choose the correct option from the following to fill in the blank regarding the regions of nationalist leaders of India :

Bal Gangadhar Tilak : Maharashtra; Bipin Chandra Pal : ____________

(A) Punjab

(B) Bihar

(C) Bengal

(D) Delhi

**16.** Which of the following regions was ***not*** a major centre of the Revolt of 1857 ?

(A) Kanpur

(B) Meerut

(C) Lucknow

(D) Mysore

**17.** Who amongst the following was the leader of the Santhal rebellion ?

(A) Sidhu Manjhi

(B) Birsa Munda

(C) Alluri Sitarama Raju

(D) Jatra Bhagat

**18.** इब्न बतूता के यात्रा के अनुभव के संबंध में निम्नलिखित कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

I. उसकी यात्रा असुरक्षित थी, क्योंकि कई बार उसे लूटा गया।

II. वह साथियों के साथ कारवाँ में यात्रा करता था।

III. लंबी दूरी के कारण उसकी यात्रा कई महीनों तक चलती थी।

IV. उसने अपनी यात्रा के अनुभव फ़ारसी में लिखे थे।

**विकल्प :**

(A) I, II और IV सही हैं।

(B) I, II और III सही हैं।

(C) I, III और IV सही हैं।

(D) II, III और IV सही हैं।

**19.** सिख गुरुओं के संबंध में विषम की पहचान कीजिए।

(A) गुरु नानक देव

(B) गुरु अंगद देव

(C) गुरु रैदास

(D) गुरु अर्जन देव

**20.** अकबर के भूमि-वर्गीकरण के अनुसार निम्नलिखित में से किस श्रेणी की भूमि को पाँच वर्षों से अधिक खाली छोड़ा जाता था ?

(A) पोलज

(B) चचर

(C) परौती

(D) बंजर

**21.** नीचे दो कथन दिए गए हैं, अभिकथन (A) और कारण (R)। इनको ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

*अभिकथन (A) :* अशोक वह पहला शासक था जिसने अपने संदेश अपनी प्रजा के लिए पत्थरों और स्तंभों पर लिखवाए थे।

*कारण (R) :* अशोक ने यह सुनिश्चित किया कि धम्म का संदेश जितना संभव हो सके अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचे।

**विकल्प :**

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

(C) अभिकथन (A) सत्य है, परन्तु कारण (R) असत्य है।

(D) अभिकथन (A) असत्य है, परन्तु कारण (R) सत्य है।

18. Read the following statements regarding Ibn Battuta's travel experiences and choose the correct option :

I. His travel was unsafe as he was looted many times.

II. He travelled in caravans along with companions.

III. His journey took months due to vast distances.

IV. He has written his travelling experiences in Persian.

**Options :**

(A) I, II and IV are correct.

(B) I, II and III are correct.

(C) I, III and IV are correct.

(D) II, III and IV are correct.

19. Find the odd one out regarding the Sikh Gurus.

(A) Guru Nanak Dev

(B) Guru Angad Dev

(C) Guru Raidas

(D) Guru Arjan Dev

20. According to Akbar's land classification, which of the following categories referred to land left uncultivated for more than five years ?

(A) Polaj

(B) Chachar

(C) Parauti

(D) Banjar

21. Two statements labelled as Assertion (A) and Reason (R) are given below. Read them carefully and select the correct option :

*Assertion (A) :* Asoka was the first ruler who inscribed his messages to his subjects on stone surfaces and pillars.

*Reason (R) :* Asoka ensured that the message of dhamma reached as many people as possible.

**Options :**

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

## खण्ड ख

**(लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न)** ***6×3=18***

**22.** (क) कल्पना कीजिए कि आप हड़प्पा की कृषि पर एक शोध परियोजना लिख रहे हैं। पुरातात्त्विक साक्ष्यों की कौन-सी तीन जानकारियाँ आप इसे समझाने के लिए उद्धृत करेंगे ? *3*

**अथवा**

(ख) कल्पना कीजिए कि आपका विद्यालय हड़प्पा सभ्यता पर एक प्रदर्शनी आयोजित कर रहा है और आप उसमें हड़प्पा लिपि से जुड़े अनुभाग के लिए उत्तरदायी हैं। आप आगंतुकों को इसके कौन-से तीन पहलू स्पष्ट करेंगे ? *3*

**23.** प्राचीन अभिलेखों की किन्हीं तीन सीमाओं का वर्णन कीजिए। *3*

**24.** भारतीय समाज को समझने में अल-बिरुनी के सामने आई बाधाओं की व्याख्या कीजिए। *3*

**25.** (क) सिख धर्म में गुरु गोविंद सिंह की भूमिका की व्याख्या कीजिए। *3*

**अथवा**

(ख) कबीर के दर्शन में 'परम सत्य' के सिद्धांत की व्याख्या कीजिए। *3*

**26.** अमेरिकी गृहयुद्ध ने भारत के रैयतों (किसानों) के जीवन को कैसे प्रभावित किया ? स्पष्ट कीजिए। *3*

**27.** संविधान सभा में राज्यों के लिए अधिक शक्तियों के पक्ष में दिए गए तर्कों की परख कीजिए। *3*

## खण्ड ग

**(दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न)** ***3×8=24***

**28.** (क) उन उदाहरणों का वर्णन कीजिए जो भारत के प्रारंभिक ऐतिहासिक काल में बंधुत्व, विवाह और शासक वंश-संबंधी ब्राह्मणीय नियमों का सर्वत्र अनुसरण न होने को दर्शाते हैं। *8*

**अथवा**

(ख) *महाभारत* के समालोचनात्मक संस्करण को तैयार करने में वी.एस. सुकथांकर और उनकी टीम द्वारा अपनाई गई प्रक्रिया का वर्णन कीजिए। *8*

## SECTION B

**(Short-Answer Type Questions)** *6×3=18*

**22.** (a) Imagine you are writing a research project on Harappan agriculture. Which three informations on archaeological evidence would you cite to explain it ? *3*

**OR**

(b) Imagine your school is hosting an exhibition on the Harappan civilization and you are responsible for the section on the Harappan script. Which three aspects of it would you explain to the visitors ? *3*

**23.** Describe any three limitations of ancient inscriptions. *3*

**24.** Explain the barriers that Al-Biruni faced in understanding Indian society. *3*

**25.** (a) Explain the role of Guru Gobind Singh in Sikhism. *3*

**OR**

(b) Explain the 'Ultimate Reality' principle in Kabir's philosophy. *3*

**26.** How did the American Civil War affect the lives of Ryots in India ? Explain. *3*

**27.** Examine the arguments given in the Constituent Assembly in favour of greater powers to the States. *3*

## SECTION C

**(Long-Answer Type Questions)** *3×8=24*

**28.** (a) Describe the examples which show that Brahmanical ideas on kinship, marriage and ruling lineage were not universally followed during the early historical period in India. *8*

**OR**

(b) Describe the process undertaken by V.S. Sukthankar and his team in preparing the critical edition of the *Mahabharata*. *8*

**29.** (क) "विजयनगर साम्राज्य के बारे में जानने के लिए विभिन्न स्रोत उपलब्ध हैं।" इस कथन की उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए। *8*

**अथवा**

(ख) "विजयनगर आने वाले विदेशी यात्री उस साम्राज्य की योजना से बहुत प्रभावित थे।" इस कथन की उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए। *8*

**30.** (क) 1918 से 1922 तक भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के चरण की परख कीजिए। *8*

**अथवा**

(ख) 1927 से 1931 तक भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के चरण की परख कीजिए। *8*

## खण्ड घ

**(स्रोत-आधारित प्रश्न)** *3×4=12*

**31.** दिए गए स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और इसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *1+1+2=4*

**पहाड़ी कबीलों और मैदानों के बीच व्यापार, लगभग 1595**

अवध सूबे (आज के उत्तर प्रदेश का हिस्सा) के मैदानी इलाकों और पहाड़ी कबीलों के बीच होने वाले लेन-देन के बारे में अबुल फ़ज़्ल ने कुछ इस तरह लिखा है :

उत्तर के पहाड़ों से इंसानों, मोटे-मोटे घोड़ों और बकरों की पीठ पर लादकर बेशुमार सामान ले जाए जाते हैं, जैसे कि सोना, ताँबा, शीशा, कस्तूरी, सुरागाय (याक) की पूँछ, शहद, चुक (संतरे के रस और नींबू के रस को साथ उबालकर बनाया जाने वाला एक अम्ल), अनार दाना, अदरख, लंबी मिर्च, मजीठ (जिससे लाल रंग बनाया जाता है) की जड़ें, सुहागा, ज़दवार (हल्दी जैसी एक जड़), मोम, ऊनी कपड़े, लकड़ी के सामान, चील, बाज़, काले बाज़, मर्लिन (बाज़ पक्षी की ही एक किस्म), और अन्य वस्तुएँ। इसके बदले, वे सफ़ेद और रंगीन कपड़े, कहरुबा (एक पीला-भूरा धातु जिससे गहने बनाए जाते थे), नमक, हींग, गहने और शीशे व मिट्टी के बरतन वापिस ले जाते हैं।

(31.1) पहाड़ों और मैदानों के बीच का व्यापार मुगल अर्थव्यवस्था के लिए क्यों महत्त्वपूर्ण था ? *1*

(31.2) मैदानी लोगों को पहाड़ी जनजातियों के साथ व्यापार से कैसे लाभ हुआ ? *1*

(31.3) अबुल फ़ज़्ल ने पहाड़ी जनजातियों द्वारा ले जाए जाने वाले माल की विविधता का वर्णन किस प्रकार किया ? *2*

**29.** (a) "There are various sources available to learn about the Vijayanagara Empire." Explain the statement with examples. *8*

**OR**

(b) "Foreign travellers who visited Vijayanagara were impressed with the planning of the empire." Explain the statement with examples. *8*

**30.** (a) Examine the phase of Indian National Movement from 1918 to 1922. *8*

**OR**

(b) Examine the phase of Indian National Movement from 1927 to 1931. *8*

## SECTION D

### (Source-Based Questions) *3×4=12*

**31.** Read the given source carefully and answer the questions that follow : *1+1+2=4*

**Trade between the hill tribes and the plains, c. 1595**

This is how Abu'l Fazl describes the transactions between the hill tribes and the plains in the *suba* of Awadh (part of present-day Uttar Pradesh) :

From the northern mountains quantities of goods are carried on the backs of men, of stout ponies and of goats, such as gold, copper, lead, musk, tails of the *kutas* cow (the yak), honey, *chuk* (an acid composed of orange juice and lemon boiled together), pomegranate seed, ginger, long pepper, *majith* (a plant producing a red dye) root, borax, zedoary (a root resembling turmeric), wax, woollen stuffs, wooden ware, hawks, falcons, black falcons, merlins (a kind of bird), and other articles. In exchange they carry back white and coloured clothes, amber, salt, asafoetida, ornaments, glass and earthen ware.

(31.1) Why was trade between the mountains and plains important for the Mughal economy ? *1*

(31.2) How did the people of the plains benefit from trade with the hill tribes ? *1*

(31.3) How did Abu'l Fazl describe the variety of goods carried by the hill tribes ? *2*

**32.** दिए गए स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और इसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *1+1+2=4*

**सिपाही क्या सोचते थे**

विद्रोही सिपाहियों की एक अर्ज़ी जो बच गई :

एक सदी पहले अंग्रेज़ हिंदुस्तान आए और धीरे-धीरे यहाँ फ़ौजी टुकड़ियाँ बनाने लगे। इसके बाद वे हर राज्य के मालिक बन बैठे। हमारे पुरखों ने सदा उनकी सेवा की है और हम भी उनकी नौकरी में आए ... । ईश्वर की कृपा से और हमारी सहायता से अंग्रेज़ों ने जो चाहा वो इलाका जीत लिया। उनके लिए हमारे जैसे हज़ारों हिंदुस्तानी जवानों को अपनी कुर्बानी देनी पड़ी लेकिन न हमने कभी पैर पीछे खींचें और न कोई बहाना बनाया और न ही कभी बग़ावत के रास्ते पर चले ... ।

लेकिन सन् 1857 में अंग्रेज़ों ने ये हुक्म जारी कर दिया कि अब सिपाहियों को इंग्लैंड से नए कारतूस और बंदूकें दी जाएँगी। नए कारतूसों में गाय और सूअर की चर्बी मिली हुई है और गेहूँ के आटे में हड्डियों का चूरा मिलाकर खिलाया जा रहा है। ये चीज़ें पैदल-सेना, घुड़सवारों और गोलअंदाज़ फ़ौज की हर रेजीमेंट में पहुँचा दी गई हैं ... ।

उन्होंने ये कारतूस थर्ड लाइट केवेलरी के सवारों (घुड़सवार सैनिक) को दिए और उन्हें दाँतों से खींचने के लिए कहा। सिपाहियों ने इस हुक्म का विरोध किया और कहा कि वे ऐसा कभी नहीं करेंगे, क्योंकि अगर उन्होंने ऐसा किया तो उनका धर्म भ्रष्ट हो जाएगा ... । इस पर अंग्रेज़ अफ़सरों ने तीन रेजीमेंटों के जवानों की परेड करवा दी। 1400 अंग्रेज़ सिपाही, यूरोपीय सैनिकों की दूसरी बटालियनें, और घुड़सवार गोलअंदाज़ फ़ौज को तैयार कर भारतीय सैनिकों को घेर लिया गया। हर पैदल रेजीमेंट के सामने छर्रों से भरी छह-छह तोपें तैनात कर दी गईं और 84 नए सिपाहियों को गिरफ़्तार करके, बेड़ियाँ डालकर, जेल में बंद कर दिया गया। छावनी के सवारों को इसलिए जेल में डाला गया ताकि हम डर कर नए कारतूसों को दाँतों से खींचने लगें। इसी कारण हम और हमारे सारे सहोदर इकट्ठा होकर अपनी आस्था की रक्षा के लिए अंग्रेज़ों से लड़े ... । हमें दो साल तक युद्ध जारी रखने पर मजबूर किया गया। धर्म व आस्था के सवाल पर हमारे साथ खड़े राजा और मुखिया अभी भी हमारे साथ हैं और उन्होंने भी सारी मुसीबतें झेली हैं। हम दो साल तक इसलिए लड़े ताकि हमारा अक़ायद (आस्था) और मज़हब दूषित न हों। अगर एक हिंदू या मुसलमान का धर्म ही नष्ट हो गया तो दुनिया में बचेगा क्या ?

(32.1) सिपाहियों ने 'अर्ज़ी' में अपने विद्रोह को कैसे उचित ठहराया ? *1*

(32.2) अंग्रेज़ों ने नए कारतूसों को कैसे प्रस्तुत किया ? *1*

(32.3) सिपाहियों और भारतीय मुखियाओं ने साथ मिलकर कार्य क्यों किया ? *2*

**32.** Read the given source carefully and answer the questions that follow : *1+1+2=4*

**What the sepoys thought**

This is one of the *arzis* (petition or application) of rebel sepoys that have survived :

A century ago the British arrived in Hindostan and gradually entertained troops in their service, and became masters of every state. Our forefathers have always served them, and we also entered their service ... By the mercy of God and with our assistance the British also conquered every place they liked, in which thousands of us, Hindostani men were sacrificed, but we never made any excuses or pretences nor revolted ...

But in the year eighteen fifty seven the British issued an order that new cartridges and muskets which had arrived from England were to be issued; in the former of which the fats of cows and pigs were mixed; and also that *attah* of wheat mixed with powdered bones was to be eaten; and even distributed them in every Regiment of infantry, cavalry and artillery ...

They gave these cartridges to the *sowars* (mounted soldiers) of the 3rd Light Cavalry, and ordered them to bite them; the troopers objected to it, and said that they would never bite them, for if they did, their religion and faith would be destroyed ... upon this the British officers paraded the men of the 3 Regiments and having prepared 1,400 English soldiers, and other Battalions of European troops and Horse Artillery, surrounded them, and placing six guns before each of the infantry regiments, loaded the guns with grape and made 84 new troopers prisoners, and put them in jail with irons on them ... The reason that the *sowars* of the Cantonment were put into jail was that we should be frightened into biting the new cartridges. On this account we and all our country-men having united together, have fought the British for the preservation of our faith ... we have been compelled to make war for two years and the Rajahs and Chiefs who are with us in faith and religion, are still so, and have undergone all sorts of trouble; we have fought for two years in order that our faith and religion may not be polluted. If the religion of a Hindoo or Mussalman is lost, what remains in the world ?

(32.1) How did the sepoys justify their rebellion in the 'arzi' ? *1*

(32.2) How did the British introduce the new cartridges ? *1*

(32.3) Why did the sepoys and Indian chiefs work together ? *2*

**33.** दिए गए स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और इसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *1+1+2=4*

**बौद्ध ग्रंथ किस प्रकार तैयार और संरक्षित किए जाते थे**

बुद्ध (अन्य शिक्षकों की तरह) चर्चा और बातचीत करते हुए मौखिक शिक्षा देते थे। महिलाएँ और पुरुष (शायद बच्चे भी) इन प्रवचनों को सुनते थे और इन पर चर्चा करते थे। बुद्ध के किसी भी संभाषण को उनके जीवन काल में लिखा नहीं गया। उनकी मृत्यु के बाद (पाँचवीं-चौथी सदी ई.पू.) उनके शिष्यों ने 'ज्येष्ठों' या ज़्यादा वरिष्ठ श्रमणों की एक सभा वेसली (बिहार स्थित वैशाली का पालि भाषा में रूप) में बुलाई। वहाँ पर ही उनकी शिक्षाओं का संकलन किया गया। इन संग्रहों को '*त्रिपिटक*' (शब्दार्थ भिन्न प्रकार के ग्रंथों को रखने के लिए '*तीन टोकरियाँ*') कहा जाता था। पहले उन्हें मौखिक रूप से ही संप्रेषित किया जाता था । बाद में लिखकर विषय और लंबाई के अनुसार वर्गीकरण किया गया।

*विनय पिटक* में संघ या बौद्ध मठों में रहने वाले लोगों के लिए नियमों का संग्रह था। बुद्ध की शिक्षाएँ *सुत्त पिटक* में रखी गईं और दर्शन से जुड़े विषय *अभिधम्म पिटक* में आए। हर पिटक के अंदर कई ग्रंथ होते थे। बाद के युगों में बौद्ध विद्वानों ने इन ग्रंथों पर टीकाएँ लिखीं।

जब बौद्ध धर्म श्रीलंका जैसे नए इलाकों में फैला, *दीपवंश* (द्वीप का इतिहास) और *महावंश* (महान इतिहास) जैसे क्षेत्र-विशेष के बौद्ध इतिहास को लिखा गया। इनमें से कई रचनाओं में बुद्ध की जीवनी लिखी गई है। ज़्यादातर पुराने ग्रंथ पालि में हैं। बाद के युगों में संस्कृत में ग्रंथ लिखे गए।

जब बौद्ध धर्म पूर्व एशिया में फैला तब फा-शिएन और श्वैन त्सांग जैसे तीर्थयात्री बौद्ध ग्रंथों की खोज में चीन से भारत आए। ये पुस्तकें वे अपने देश ले गए जहाँ विद्वानों ने इनका अनुवाद किया। हिन्दुस्तान के बौद्ध शिक्षक भी दूर-दराज़ के देशों में गए। बुद्ध की शिक्षाओं का प्रसार करने के लिए वे कई पुस्तकें भी अपने साथ ले गए।

कई सदियों तक ये पांडुलिपियाँ एशिया के भिन्न-भिन्न इलाकों में स्थित बौद्ध विहारों में संरक्षित थीं। पालि, संस्कृत, चीनी और तिब्बती भाषाओं में लिखे इन ग्रंथों से आधुनिक अनुवाद तैयार किए गए हैं।

(33.1) बुद्ध के संभाषणों को उनके जीवन-काल में क्यों नहीं लिखा गया ? स्पष्ट कीजिए। *1*

(33.2) संरक्षण के लिए लिखने से पहले मौखिक रूप से प्रेषित करने के प्रभाव का आकलन कीजिए। *1*

(33.3) *विनय पिटक* और *सुत्त पिटक* के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए। *2*

**33.** Read the given source carefully and answer the questions that follow : *1+1+2=4*

**How Buddhist texts were prepared and preserved**

The Buddha (and other teachers) taught orally – through discussion and debate. Men and women (perhaps children as well) attended these discourses and discussed what they heard. None of the Buddha's speeches were written down during his lifetime. After his death (c. fifth-fourth century BCE) his teachings were compiled by his disciples at a council of "elders" or senior monks at Vesali (Pali for Vaishali in present-day Bihar). These compilations were known as *Tipitaka* – literally, three baskets to hold different types of texts. They were first transmitted orally and then written and classified according to length as well as subject matter.

The *Vinaya Pitaka* included rules and regulations for those who joined the *sangha* or monastic order; the Buddha's teachings were included in the *Sutta Pitaka*; and the *Abhidhamma Pitaka* dealt with philosophical matters. Each *pitaka* comprised a number of individual texts. Later, commentaries were written on these texts by Buddhist scholars.

As Buddhism travelled to new regions such as Sri Lanka, other texts such as the *Dipavamsa* (literally, the chronicle of the island) and *Mahavamsa* (the great chronicle) were written, containing regional histories of Buddhism. Many of these works contained biographies of the Buddha. Some of the oldest texts are in Pali, while later compositions are in Sanskrit.

When Buddhism spread to East Asia, pilgrims such as Fa Xian and Xuan Zang travelled all the way from China to India in search of texts. These they took back to their own country, where they were translated by scholars. Indian Buddhist teachers also travelled to faraway places, carrying texts to disseminate the teachings of the Buddha.

Buddhist texts were preserved in manuscripts for several centuries in monasteries in different parts of Asia. Modern translations have been prepared from Pali, Sanskrit, Chinese and Tibetan texts.

(33.1) Explain why Buddha's speeches were not written down during his lifetime. *1*

(33.2) Assess the impact of orally transmitting texts before writing them down for preservation. *1*

(33.3) Explain the differences between the *Vinaya Pitaka* and *Sutta Pitaka*. *2*

## खण्ड ङ

**(मानचित्र-आधारित प्रश्न)** *3+2=5*

**34.** (34.1) **भारत** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ **27** पर) में**,** निम्नलिखित स्थानों को उपयुक्त चिह्नों से अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए : *3×1=3*

(i) धोलावीरा – विकसित हड़प्पा स्थल

(ii) नागार्जुनाकोंडा – प्राचीन बौद्ध स्थल

(iii) (क) आगरा – मुगलों के अधीन क्षेत्र

**अथवा**

(iii) (ख) बीजापुर – मध्यकालीन राज्य

(34.2) **भारत** के इसी राजनीतिक रेखा-मानचित्र पर, भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन से संबंधित केन्द्रों को 'A' और 'B' दो स्थानों के रूप में अंकित किया गया है। उनको पहचानिए और उनके सही नाम उनके निकट खींची गई रेखाओं पर लिखिए। *2*

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों*** *के लिए प्र. सं.* ***34*** *के स्थान पर हैं :*

(34.1) वर्तमान पाकिस्तान में किसी एक विकसित हड़प्पा पुरास्थल का उल्लेख कीजिए। *1*

(34.2) पूर्वी भारत में स्थित एक प्राचीन बौद्ध स्थल का उल्लेख कीजिए। *1*

(34.3) (क) मुगलों के अधीन किसी एक क्षेत्र का नाम लिखिए। *1*

**अथवा**

(34.3) (ख) विजयनगर साम्राज्य के किसी एक पड़ोसी साम्राज्य का नाम लिखिए। *1*

(34.4) भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के किन्हीं दो केंद्रों के नाम लिखिए। *2*

## SECTION E

## (Map-Based Questions) *3+2=5*

**34.** (34.1) On the given political outline map of **India** (on page 27), locate and label the following places with appropriate symbols : *3×1=3*

(i) Dholavira – A mature Harappan site

(ii) Nagarjunakonda – An Ancient Buddhist site

(iii) (a) Agra – A territory under the Mughals

**OR**

(iii) (b) Bijapur – A medieval period state

(34.2) On the same political outline map of **India**, two places have been marked as 'A' and 'B', as the centres of the Indian National Movement. Identify them and write their correct names on the lines drawn near them. *2*

***Note :*** *The following questions are for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Q. No.* ***34*** *:*

(34.1) Mention any one mature Harappan site in present Pakistan. *1*

(34.2) Mention one ancient Buddhist site in Eastern India. *1*

(34.3) (a) Name any one territory which was under the Mughals. *1*

**OR**

(34.3) (b) Name any one neighbouring kingdom of the Vijayanagara empire. *1*

(34.4) Name any two centres of the Indian National Movement. *2*

प्रश्न सं. 34 के लिए

For question no. 34

